Sl. No. :

MHNHC1.2

Total No. of Pages : 2

First Semester M.A. Degree Examination, May/June - 2023

(SLM - Scheme) (CBCS)

HINDI (हिन्दी)

Course II : Modern Hindi Poetry

प्रश्न पत्र II : आधुनिक हिन्दी काव्य

Time : 3 Hours **Max. Marks : 80**

Instruction : All sections are compulsory.

SECTION - A

I. किन्हीं चार की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **[4 × 5 = 20]**

1) मुनियों का सत्संग यहाँ है,
जिन्हें हुआ है तत्त्व – ज्ञान,
सुनने को मिलते हैं उनसे,
नित्य नये अनुपम आख्यान ।

2) किस व्रत में व्रती वीर यह,
निद्रा का यों त्याग किये,
राज भोग्य के योग्य विपिन में,
बैठा आज विराग लिये ।

3) सुनह भरत भावी प्रबल,
बिलखि कहेउ मुनिनाथ ।
हानि लाभ जीवन मरन
जस अपजस विधि हाथ ।।

4) घिरे रहे थे घुंघराले बाल
अंग अंग अवलंबित मुख के पास,
नील घन शावक से सुकुमार,
सुधा भरने को विधु के पास?

5) सुख – सहचर दु:ख – विदूषक परिहास पूर्ण कर अभिनय,
छिप बैठा था अब निर्भय ये
डाल डाल में मधुमय मृदु मुकुल बने झालर से,
रस भार प्रफुल्ल सुमन सभ धीरे – धीरे से बरसे ।

6) बाहर साँकल नहीं जिसे तू खोल हृदय पा जाए ।
इस मंदिर का द्वार सदा अंत:पुर से ही खुलाता है ।

SECTION - B

II. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **[3 × 10 = 30]**

7) 'पंचवटी' के आधार पर 'शूर्पणखा' की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

8) दिनकर द्वारा 'उर्वशी' महाकाव्य के तृतीय अंक में उठाई गई मूल समस्या पर चर्चा कीजिए ।

9) 'कामायनी' में निरूपित दर्शन विषयक विचारधारा का विवेचन कीजिए ।

10) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की कविताओं का विवेचन कीजिए ।

11) पठित कविताओं के आधार पर अज्ञेय की काव्यगत विशेषताओं का परिचय दीजिए ।

SECTION - C

III. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **[2 × 15 = 30]**

12) हिन्दी नयी कविता को प्रभावित करने में पाश्चात्य दर्शन का क्या योगदान है? चर्चा कीजिए ।

13) प्रगतिवादी काव्यधारा की विशेषताओं का आकलन कीजिए ।

14) द्विवेदी युग के प्रमुख रचनाकारों और उनकी रचनाओं का परिचय दीजिए ।

15) कामायनी की रूपक योजना का विश्लेषण कीजिए ।

⌘⌘⌘